संक्षिप्त

घंटी आधारित शिक्षकों के चयन के लिए काउंसिलिंग आयोजित

मंडरो : कस्तुरबा गांधी आवासीय विधालय मंडरो मे कुल पाँच पदो के विरुद्ध शैक्षणिक सत्र 2020-21के लिए वर्ग 9 से 12तक के लिए अंशकालीन घंटी आधारित शिक्षक चयन को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी मंडरो नेपाल चन्द्र मंडल के नेतृत्व मे काउन्सलिंग का आयोजन किया गया।काउंसलिंग मे कुल बीस अभ्यर्थी उपस्थित हुए। जबकि कुल 31अभ्यर्थियों ने आवेदन फार्म जमा किया था।इस संबन्ध मे जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया कि गणित, विग्यान, हिन्दी,अंग्रेजी एवं समाजिक विग्यान के एक एक पदो के लिए चयन हेतु काउंसलिंग का आयोजन किया गया।सफल अभ्यर्थियों को दुरभाष द्वारा सुचना दिया जायेगा।

सड़क दुर्घटना में एक की मौत

पाकुड़ : पाकुड़ अमड़ापाड़ा लिंक रोड पर आसनडीपा गांव के निकट बुधवार की देर शाम सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक एक युवक मोटरसाइकिल संख्या जेएच 16 सी 0458 से जा रहा था कि पीछे से एक वाहन ने धक्का मार दिया जिसके कारण मोटरसाइकिल सवार युवक गिर पड़ा और घटना स्थल पर उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही नगर थाने की पुलिस पहुंची और आसपास के लोगो के सहयोग से मृतक के शव को पोस्टमाटम के लिए सदर अस्पताल भेजा।

10 ने दी कोरोना को मात

पाकुड़ : कोरोना 19 मैनेजमेंट अस्पताल में इलाजरत 10 मरीजो ने बुधवार को कोरोना को मात दी। कोरोना को मात देने वाले इन 10 मरीजो को एम्बुलेंस से उनका घर भेजा गया। घर भेजने के पहले कोरोना को मात देने वाले लोगो को होम क्वारेंटाइन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियो की जानकारी सिविल सर्जन डा. रामदेव पासवान द्वारा दी गयी। सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना को मात देने वाले मरीजो को आगामी 14 दिनो तक होम क्वारेंटाइन में रहने का निर्देश दिया गया है।

राष्ट्रीय उच्च पथ एनएच-80 के भू-अर्जन से संबंधित बैठक का आयोजन

कंस्ट्रक्शन कंपनी सभी 120 आवास 31 दिसंबर तक हैंड ओवर करे : डीसी

संवाददाता

साहिबगंज : उपायुक्त चितरंजन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ पर भू-अर्जन राष्ट्रीय राज्य मार्ग एनएच 80 के चौड़ीकरण, अंतर्गत मुआवजा वितरण सरकारी भूमि का भू-हस्तानांतरण तथा सृजन किये जाने वाले घाटों के भूमि अधिग्रहण एवं भारतीय अंतदेर्शीय जल मार्ग प्राधिकरण व अन्य परियोजनाओं के भू-अर्जन से संबंधित सभी प्रखंड के अंचलाधिकारी,एवं राजस्व कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त चितरंजन कुमार ने सभी अंचलाधिकारियों से एनएच 80 के निर्माण कार्य मे अधिगृहित किए गए भूमि के रैय्यतों को मुआवजे भुगतान की जानकारी ली। बताया गया कि रैयतो को मुआवजे के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है।इस दौरान समदा स्थित बंदरगाह में आरएनआर पॉलिसी के तहत बन रहे 120 घरों के वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई।मौके पर उपायुक्त चितरंजन कुमार ने संबंधित कंस्ट्रक्शन कंपनी को निर्देश दिया कि सभी 120 आवास 31 दिसंबर तक हैंड ओवर कर दें।उन्होंने कंपनी से कहा कि निर्माण के दौरान क्वालिटी मेटेरियल से समझौता न करें एवं अगर निर्माण के दौरान या उपरांत आवासों में किसी भी प्रकार की शिकायत आने पर आवश्यक कार्यवाई भी की जा सकती है।बैठक के दौरान आरएनआर कॉलोनी के दो आवासों की शिफ्टिंग का मामला भी सामने आया जिन्हें तत्काल शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया।उपायुक्त श्री कुमार ने सरकारी भूमि के स्थानांतरण से संबंधित मामलों की समीक्षा की । बताया गया की भूमि दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है एवं भूमि का स्थानांतरण करने की कार्यवाई की जा रही है। उपायुक्त श्री भू-अर्जन से संबंधित अन्य मामलों की समीक्षा की तथा जमीन के दाखिल खारिज से संबंधित कागजातों की पूर्ण जांच करते हुए अग्रतर कार्यवाई करने एवं ससमय पोर्टल में अपलोड करने का निर्देश दिया। वन भूमि के स्थानांतरण की जांच करने एवं सावधानी से कार्य करने का निर्देश दिया।

इस दौरान राजस्व संबंधित मामलों की समीक्षा की गई एवं उपायुक्त ने अवैध जमाबंदी से संबंधित मामलों का जल्द निपटारा करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी राजस्व निरीक्षकों को भी राजस्व से संबंधित लंबित मामलों को भी तत्काल निष्पादित करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त चितरंजन कुमार ने भूमि नापी से संबंधित समस्याएं एवं भूमि अधिग्रहण की अन्य समस्याएं भी सुनी।बैठक में अपर समाहर्ता अनुज कुमार प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज पंकज कुमार साव,सभी अंचलाधिकारी, राजस्व कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।

डीडीसी ने किया योजनाओं का निरीक्षण

संवाददाता

पाकुड़ : जिले के पाकुड़िया प्रखंड के बासेतकुंडी पंचायत में चल रहे विकास व कल्याणकारी योजनाओ का डीडीसी अनमोल कुमार सिंह ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा की वस्तुस्थिति की जानकारी धरातल पर ली और पंचायत सचिव सहित बीडीओ को कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। बासेतकुंडी पंचायत में रेनवाटर हार्वेस्टिंग, शॉकपीट के कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। पंचायत में 25 से ज्यादा योजनाओ को संचालित करने एवं अधिक अधिक मानव दिवस का सृजन करने का निर्देश रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को दिया गया। निरीक्षण के दौरान पंचायत में वित्तीय वर्ष 2016-17 की आंगनबाड़ी केंद्र भवन एवं बकरी शेड निर्माण कार्य में किये कार्य से अधिक राशि की निकासी किये जाने को लेकर पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं मुखिया से स्पष्टीकरण पुछने का निर्देश बीडीओ को दिया गया। डीडीसी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुको से भी सीधे संवाद किया और आवास निर्माण में किसी तरह की हो रही परेशानी को लेकर जानकारी ली। मौके पर बीडीओ मिथिलेश कुमार के अलावे सहायक व कनीय अभियंता आदि मौजूद थे।

अवैध रूप से संचालित क्रशर व खादानों के खिलाफ करें कार्रवाई : एसडीएम

संवाददाता

कोडरमा : अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार व अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद की संयुक्त अध्यक्षता में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी व थाना प्रभारी के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में सवप्रथम जिले के विधि-व्ववस्था को लेकर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को निदेशित करते हुए कहा कि जिले में संचालित अवैध रुप से संचालित क्रशर और खादानों के खिलाफ कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि अवैध रुप से बालू उठाव के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जिले में सभी सरकारी जमीन को चिन्हित करते हुए बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे। सभी अंचल अधिकारी को लंबित दाखिला खारिज मामलों को जल्द से जल्द निराकरण करने का निदेश दिये। टैफिक पुलिस को बिना हेलमेट के दो पहिया चलाने वाले के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान करे। उन्होंने सभी काय पालक पदाधिकारी को निदेशित करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के मद्देनजर शहर की साफ सफाई, लाईट और समय समय पर सेनेटाइज करने.का निदेश दिये। उन्होंने सभी थाना प्रभारी को लगातार गश्ती करने का निदेश दिये। सरकार के दिशानिदेशी का अक्षरशः पालन करना सुनिश्चित करेंगे।

धारा 107 व 144 से संबंधित मामलों की समीक्षा : अनुमंडल पदाधिकारी ने धारा 107 व 144 से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए कहा कि इनके अंतर्गत मामलों को गंभीरता से लें। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने पीएम आवास योजना व होडिंग टैक्स से संबंधित कार्य की समीक्षा किये। उन्होंने सभी कार्य पालक पदाधिकारी को लंबित मामलों. को निपटाने का.निदेश दिये। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी कार्य पालक पदाधिकारी व थाना प्रभारी मौजूद थे।

तंबाकू निषेध एवं इसके दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करें : एसडीएम

कोडरमा : अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता जिले में तंबाकू निषेध एवं इसके नियंत्रण को लेकर बैठक की गई। उन्होंने तंबाकू निषेध एवं इसके दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने का निदेश दिये। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से तंबाकू पदार्थ जैसे पान, गुटका, सिगरेट इत्यादि बेचने वालों लोगों के खिलाफ छापेमारी करते हुए सख्त कार्रवाई करते हुए नियम संगत जुमार्ना लगाने का निदेश दिये। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी कर लोगों को तंबाकू सेवन के लिए हतोत्साहित करने की आवश्यकता है। सदर अस्पताल, समाहरणालय परिसर, अनुमंडल कार्यालय, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन,स्कूल कॉलेज जैसे सार्वजनिक स्थानों पर साईनेज लगाकर तंबाकू निषेध का संदेह दें।

एक झलक

दुमका विस उपचुनाव को लेकर भाजपा ने बनायी रणनीति

दुमका : दुमका उपचुनाव के मद्देनजर भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के तूफानी दौरे की तैयारी को लेकर की गई बैठक में दुमका विधानसभा चुनाव प्रभारी विनोद शर्मा व परितोष सोरेन, जिलाध्यक्ष निवास मंडल महा मंत्री रूपलाल राय, जिला उपाध्यक्ष पिंटू अग्रवाल, नरेश मंडल, नीरज भंडारी, मुकेश सिंह, गणपति पाल, गरीब दास, जवाहर मिश्रा, महेश साह, कुणाल झा, पंकज वर्मा, कैलाश भंडारी, नीलू हेम्ब्रम, सुशील मरांडी, श्रीतन मरांडी, कैलाश भंडारी, मणिलाल गिरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में दुमका विस अन्तर्गत दुमका सदर व दुमका ग्रामीण के कार्यक्रम स्थल प्रभारी मौजूद थे। 27 सितंबर को दुमका सदर ग्रामीण मंडल के 7 स्थलों पर और 29 सितम्बर को दुमका ग्रामीण गांदो मंडल के कुल 7 स्थलों पर कार्यक्रम निर्धारित की गई है। शहरी क्षेत्र में 26 सितम्बर की संध्या दुमका नगर में बैठक को संबोधित करेंगे। प्रभारी विनोद शर्मा ने कहा कि बाबूलाल जी का यह कार्यक्रम आगामी उपचुनाव को ध्यान में रखकर केंद्रित है। जिला अध्यक्ष निवास मंडल ने कहा बाबूलाल जी के कार्यक्रम से कार्यकर्ता का मनोबल बढेगा। बैठक में चुनाव प्रभारी पारितोष सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित थे।

चेक पोस्ट पर ऑटो रिक्शा से शराब बरामद

मंडरो : पीरपैंती थाना अंतर्गत बिहार झारखंड के बॉर्डर स्थित बिहार चेकनाका पर चेकिंग के दौरान बीआर10पीए-0450 नंबर की टेंपो से शराब से भरी बैग चेक पोस्ट पर तैनात पुलिस ने बरामद किया है।पुलिस को देखते ही जल्दबाजी मे ऑटो रोककर चालक फरार हो गया। चालक ने ऑटो रिक्शा के सीट के नीचे बने बक्से में एक थैले में शराब को रखा था।मौके पर पहुंच कर पीरपैंती थाना प्रभारी राकेश कुमार ने ऑटो रिक्शा व शराब को जब्त कर थाना ले आई।

भाजपा मंडल ने किया फल का वितरण

सतगावां (कोडरमा) : भाजपा मंडल के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 70वें जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सतगावां एवं गझहड़ बिरहोर बस्ती में जाकर सेव एवं केला का बितरण किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल यादव, भाजयुमो जिलामंत्री दीपेश अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि मनोज चौधरी, सुबोध सिन्हा, कमलनयन सिंह, मल्लू यादव, रवि यादव आदि उपस्थित थे।

भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

कोडरमा : भारतीय जनता पार्टी कोडरमा नगर के द्वारा बुधवार को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस के अवसर पर 14 से 20 सितंबर तक सेवा सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया है। इस निमित्त कोडरमा नगर भाजपा के अध्यक्ष गोपाल कुमार गुतुल एवं जिले से नियुक्त प्रभारी देव नारायण मोदी की उपस्थिति में कार्यकताओं के द्वारा दुर्गा मंडप कोडरमा बाजार का साफ सफाई किया गया। इसके बाद कोडरमा बाजार स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा स्थल को साफ सफाई और प्रतिमा को पानी से धोया गया और प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू, नरेंद्र पाल, अभिषेक सिंह (बम्बल), सुजीत कुमार सिन्हा, संदीप गुप्ता, देवेंद्र कुमार, मदन गुप्ता, सचिंदर शर्मा, श्याम किशोर सिंह, अंबिका प्रसाद, दिलीप सिन्हा, सुरेंद्र भारती समेत अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं आगामी 20 सितंबर को बजरंगबली मंदिर में संध्या आरती और भजन कीर्तन भाजपा के कार्यकताओं द्वारा माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्म दिवस पर दीघार्यु, स्वस्थ, मंगल कामना हेतु आयोजन किया गया है।यह कार्यक्रम सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा।

केमिकल फैक्ट्री के संचालक पर मामला दर्ज

झुमरीतिलैया (कोडरमा) : तिलैया थाना क्षेत्र के गझंड़ी रोड में संचालित कोडरमा केमिकल फैक्ट्री में विगत 8 सितंबर को टैंकर वेल्डिंग के दौरान हुए ब्लास्ट में 4 मजदूर करीब 80 फीसदी तक झुलस गए थे। सबों का प्राथमिक उपचार कोडरमा सदर अस्पताल में कराने के बाद फैक्ट्री प्रबंधन के द्वारा चारों मजदूरों का इलाज रांची के प्राइवेट अस्पताल देवकमल में कराया जा रहा था। इसी दौरान 14 सितंबर की शाम करीब 6 बजे कोडरमा जिले के नवलशाही थाना क्षेत्र निवासी अलखदेव प्रसाद यादव की मौत हो गई।

जदयू ने दिया धरना, आंदोलन की चेतावनी

संवाददाता

रांची : जनता दल यूनाइटेड ने आदिवासी सिंगल समाज के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को बिरसा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान 18 सितंबर से होने वाले विधानसभा की कार्रवाई में अपनी 10 सूत्री मांगों को रखने की मांग की। धरना-प्रदर्शन में उपस्थित झारखंड जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा कि पूरे झारखंड में संपूर्ण शराबबंदी और आदिवासी सरना धर्म कोड लागू हो, आदिवासियों के हित के लिए डोमिसाइल कानून पारित हो, संथाली भाषा को राज्य भाषा घोषित किया जाये, ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और 5 अन्य जन आकांक्षाओं के मुद्दे को भी राज्य सरकार पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर इस विधानसभा के पटल पर रखने का काम करें। अगर विधानसभा में सरकार की ओर से इन मुद्दों को पारित नहीं किया जायेगा तो पूरे आदिवासी समाज के साथ-साथ जदयू भी अब राज्य सरकार को घेरने का काम करेगा। इसके पूर्व जदयू ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन बीते दिनों राज्यपाल को सौंपा था। पार्टी की ओर से बिरसा चौक पर किये गये घरना-प्रदर्शन में मुख्यालय प्रभारी संजय सहाय, सुशील सिंह, आशा शर्मा, विदेशी महतो, अभय कुशवाहा, अखिलेश राय, सुबोधकांत, रमेश सिंह, अर्जुन गोसांई, पवन झा, संजीव सिंह सहित काफी संख्या में पार्टी नेता व कार्यकर्ता शामिल थे। सभी ने सोशल डिस्टेसिंग व मास्क के साथ धरना-प्रदर्शन किया।

सेवा सप्ताह पर भाजपा का कार्यक्रम आयोजित

गुमला : देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 70 वें जन्मदिन के अवसर पर चलाये जा रहे सेवा सप्ताह के तीसरे दिन पूरे जिले के सभी मंडलों में कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसमें आज नगर भाजपा द्वारा प्रातः काल पालकोट रोड स्थित शक्ति मंदिर व शहर के अन्य जगहों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई की गई ।वहीं महिला मोर्चा द्वारा शहर के विभिन्न वार्डों में स्वच्छता अभियान व सुरक्षा कवच के लिए मास्क का वितरण किया गया ।मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष सविंदर सिंह ,महामंत्री सत्यनारायण पटेल ,उपाध्यक्ष संजय सिंह, सुजीत नंदा, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल,गौरी किंडो,दामोदर कसेरा, यशवंत सिंह, नगर अध्यक्ष निर्मल कुमार आदि अन्य कार्यकता उपस्थित थे।

शपथनामा

मैं, आदर्श सिंह राजपूत, पिता– बिनय सिंह, प्लॉट संख्या– 278, को–ऑपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, पोस्ट एवं थाना– बीएस सिटी, जिला– बोकारो (झारखंड) निवासी लेख्य प्रमाणक, बोकारो के समक्ष शपथनामा संख्या– 53, दिनांक– 15.09.2020 के तहत शपथपूर्वक घोषित करता हूं कि मेरा विद्यालय परित्याग प्रमाण–पत्र 14.09.2020 को छायाप्रति कार्य हेतु जाने के क्रम में वास्तव में कहीं खो गया।

शपथ–पत्र

मैं सुदामा सिंह, पिता श्री अशोक सिंह, निवासी–लुदरू, पो०–कर्रा, थाना–कर्रा, जिला–खूंटी (झारखण्ड) नोटरी, खूंटी के शपथ–पत्र सं. 2005 दिनांक 31.07.2020 के द्वारा ब्यान करना है कि मेरी पुत्री इसिता कुमारी (ESITA KUMARI) का वास्तविक जन्मतिथि 25.04.2015 है, जबकि मेरी सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का जन्मतिथि 24.04.2015 दर्ज है, जो गलत है। यह शपथ–पत्र मेरी पुत्री का जन्मतिथि सुधार हेतु दाखिल कर रहा हूँ।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।
अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–02/2020–21
दिनांक :– 16.09.2020

1.	कार्य का नाम	गैर योजना मद अंतर्गत रांची–मुरी पथ के कि0मी0 31.00 से 60.00 तक में विशेष मरम्मति कार्य। (लम्बाई 30.00 कि0मी0) वर्ष 2020–21
2.	अनुमानित प्राक्कलित राशि	रू0 17500000.00. (रूपये एक करोड पचहत्तर लाख) मात्र।
3.	अग्रधन की राशि	रू0 3.50 लाख (रूपये तीन लाख पचास) मात्र।
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	2 (दो) महीने
5.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय	07.10.2020 12.00 बजे दोपहर तक
6.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	24.09.2020 10.30 बजे पूर्वाह्न
7.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।
8.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651–2206210/9934323979
9.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पपाईन संख्या	0651–2401010

- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए युकेन *(UCAN)* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट ***http://jharkhandtenders.gov.in*** पर देंखें।
- प्राक्कलित एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल,राँची(ग्रामीण)।
PR 232945 Road(20-21)D

सेन्ट्रल माइन प्लानिंग एण्ड डिजाइन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया की एक अनुषंगी कम्पनी)
गोंदवाना प्लेस, काँके रोड, – 834031, झारखण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/** संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in),** सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

झारखण्ड विधान–सभा सचिवालय
आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान–सभा का तृतीय (मानसून) सत्र दिनांक–18.09.2020 से आहूत की गयी है। सत्र काल में झारखण्ड विधान–सभा परिसर में बिना वैद्य पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकारगण 72 घंटा पूर्व के कोरोना जाँच प्रमाण–पत्र के साथ विधान–सभा परिसर में आयेंगे।

सचिव
झारखण्ड विधान–सभा, रांची
प्रत्र सं.–जनसम्पर्क–01/2020 1417/वि.स. रांची दिनांक 14.09.2020

झारखण्ड सरकार कारा निरीक्षणालय
गृह (कारा) विभाग
e-mail – prisonlhd@gmail.com telephone no-06526-222030

अतिअल्पकालीन ई0 निविदा सूचना

1) कारा का नाम :– मंडल कारा लोहरदगा।
2) विषय – कारा में आपूर्ति हेतु खाद्य आलु हरी सब्जी फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित ई–निविदा का आमंत्रण चतुर्थ त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.10.2020 से 31.12.2020 तक।
3) निविदा प्रपत्र का मूल्य :– (Non Refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक मंडल कारा लोहरदगा के पदनाम से होगा। जो निम्न प्रकार है :–
(i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
(ii) रू0 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
(iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4) Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्ध होने की तिथि 16.09.2020 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से 26.09.2020 के अपराह्न 05.00 बजे तक ।
5) Online निविदा जमा करने की तिथि 16.09.2020 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से 26.09.2020 के अपराह्न 5.00 बजे तक।
6) Tender fee EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना दिनांक 28.09.2020 के पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा ली जायेगी ।
7) निविदा खुलने की तिथि / समय /स्थान 29.09.2020 को पूर्वाह्न 10.00 बजे मंडल कारा लोहरदगा के कार्यालाय में परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा की उपस्थिति में ।
8) उपरोक्त संबंधित निविदा Jharkhandtenders.gov.in site पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त/स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त Website पर प्राप्त किया जा सकता है ।
9) अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा लोहरदगा से, कार्यालय अवधि में संपर्क स्थापित किया जा सकता है । e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिये Helpline No. 9430342752 से संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
अधीक्षक, मंडल कारा लोहरदगा।
PR 232925 Lohardaga(20-21)D

इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड
CIN: U27310JH2006PLC012663
पंजीकृत कार्यालय : 801, ऊमा शांति अपार्टमेंट्स, कांके रोड, रांची - 834008, झारखण्ड
दूरभाष सं.: 08651-102477, **वेबसाइट:** www.electrosteelsteels.com
ई-मेल: esl.shares@vedanta.co.in

13वीं वार्षिक साधारण बैठक की सूचना

यह सूचित किया जाता है कि कोविड-19 महामारी के वैश्विक प्रकोप के मद्देनजर कंपनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों तथा कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा सर्कुलरों के अनुसार इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड (**कंपनी**) की 13वीं वार्षिक साधारण बैठक (**एजीएम**) दो माध्यम वीडियो कॉंफ्रेंसिंग (**वीसी**) अथवा अन्य ऑडियो विजूअल साधानों (**ओएवीएम**) के जरिए 29 सितम्बर, 2020 को दोपहर 12.30 बजे आयोजित होगी।

एजीएम की सूचना तथा कंपनी का वार्षिक प्रतिवेदन कंपनी की वेबसाइट http://www.electrosteelsteels.com/pdf/esl-annual-report-19-20.pdf तथा एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

सदस्यगण सिर्फ नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदत्त वीसी/ओएवीएम की सुविधा के जरिए बैठक में शामिल तथा भाग ले सकते हैं, जिसका विवरण एजीएम की सूचना में उपलब्ध है। कृपया ध्यान दें कि 13वीं एजीएम में व्यक्तिगत रूप से शामिल तथा भाग लेने के कोई भी प्रावधान नहीं है तथा कोरम की गणना के उद्देश्य से वीसी/ओएवीएम के जरिए एजीएम में शामिल होने वाले सदस्यों की उपस्थिति को गिनती की जाएगी।

एजीएम की सूचना के साथ वार्षिक प्रतिवेदन 2019-20 उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में भेज दिए गए हैं जिनके ई-मेल का पता कंपनी/डिपॉजिटरीज/पंजीयक एवं शेयर अंतर एजेंट के साथ पंजीकृत है। जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पता का पंजीयन नहीं कराया है उनसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से एजीएम की सूचना तथा वार्षिक प्रतिवेदन प्राप्त करने के तथा ई-वोटिंग के लिए लॉग इन आईडी तथा पासवर्ड हासिल करने के लिए अपने ई-मेल के पंजीयन हेतु नीचे उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करने का अनुरोध किया जाता है:

i. भौतिक प्रारूप में शेयर धारण रहने की स्थिति में कृपया esl.shares@vedanta.co.in पर ईमेल के जरिए फोलियो नं. शेयर धारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (सामने एवं पीछे) की स्कैन की हुई प्रतिलिपि, पैन (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की हुई प्रतिलिपि), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की हुई प्रतिलिपि) उपलब्ध कराएं।
ii. डिमैट प्रारूप में शेयर धारण रहने की स्थिति में कृपया esl.shares@vedanta.co.in पर ईमेल के जरिए डीपीआईडी-सीएलआईडी (16 अंकों वाली डीपीआईडी+सीएलआईडी अथवा 16 अंकों वाली लाभभोगी आईडी), नाम, क्लाइंट मॉस्टर अथवा समेकित लेखा विवरण की प्रतिलिपि, (पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की हुई प्रतिलिपि), आधार (आधार कार्ड की स्वयं सत्यापित स्कैन की हुई प्रतिलिपि) उपलब्ध कराएं।
iii. विकल्प के तौर पर सदस्यगण उपरोक्त बिंदू (i) अथवा (ii), स्थिति के अनुसार, में उल्लेखित विवरण प्रदान कर यूजर आईडी एवं पासवर्ड हासिल करने के लिए evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज सकते हैं।

कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम में चर्चा किए जाने वाले व्यवसायिक विषयों के संबंध में एजीएम से पहले तथा एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है तथा इस उद्देश्य के लिए कंपनी ने इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा वोटिंग की सुविधा हेतु एनएसडीएल को नियुक्त किया है। एजीएम के लिए रिमोट ई-वोटिंग **शनिवार, 26.09.2020 (सुबह 9.00 बजे)** शुरू होगी तथा **सोमवार, 28.09.2020 (शाम 5.00 बजे)** समाप्त होगी। इसके उपरांत एनएसडीएल द्वारा एजीएम के लिए रिमोट ई-वोटिंग का प्रारूप निशक्त कर दिया जाएगा। बैठक में उपस्थित होने वाले सदस्यगण, जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग के जरिए अपना वोट नहीं डाला है, वे बैठक के दौरान अपने वोटाधिकार का प्रयोग कर पाएंगे। जिन व्यक्तियों के नाम अंतिम तारीख यानि **मंगलवार, 22 सितम्बर, 2020** को सदस्यों के रजिस्टर/लाभभोगी स्वत्वाधिकारी के रजिस्टर में दर्ज हैं, वे एजीएम से पहले/एजीएम के दौरान रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा का लाभ पाने के पात्र होंगे। कोई भी व्यक्ति जिन्होंने एजीएम की सूचना भेजे जाने के बाद कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण कर कंपनी के सदस्य बने हैं एवं अंतिम तारीख तक शेयर धारण रखते हैं, वे एनएसडीएल के पास evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेज कर लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं अथवा एनएसडीएल द्वारा प्रदत्त टोल फ्री नम्बर : 1800-222-990 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

एजीएम से पहले अथवा एजीएम के दौरान सहायता मांगने वाले सदस्यगण एनएसडीएल पर evoting@nsdl.co.in/1800-222-990 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा श्री अमित विशाल, वरिष्ठ प्रबंधक-एनएसडीएल से amitv@nsdl.co.in/022-24994360 पर अथवा श्री संजीव यादव, सहायक प्रबंधक-एनएसडीएल से sanjeevy@nsdl.co.in/022-24994553 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते **इलेक्ट्रोस्टील स्टील्स लिमिटेड**
विनय कुमार दाश
कंपनी सचिव
एसीएस 17982
स्थान : बोकारो
दिनांक : 11 सितम्बर, 2020